तापमान

अधिकतम 37.0 डिग्री

न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि

# मध्यांचल भूमि

रायपुर, सोमवार 17 मार्च 2025



12 अंचल में बड़े धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ ...





12 सुहेला में परंपरागत ढंग से मनाई होली घर-घर...






# संबल योजना के तहत 12 दिव्यांगों को मिला परिवहन बस पास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पवनी

समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगजनो के बाधा रहित आवागमन हेतु कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू के निर्देशन में निःशुल्क परिवहन बस पास प्रदाय किया गया। कलेक्ट्रेट परिसर सारंगढ़ में संबल योजना के वितरण कार्यक्रम में राप्रसे अधिकारियों, अपर कलेक्टर प्रकाश कुमार सर्वे ,जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी इंद्रजीत बर्मन, डिप्टी कलेक्टर अनिकेत साहू द्वारा संबल योजना के 12 लाभार्थी दिव्यांगजनों को बस परिवहन पास का वितरण किया गया। समाज कल्याण विभाग के उप संचालक विनय तिवारी ने योजना के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना के अंतर्गत जिले के सभी पात्रता धारी दिव्यांगजनो को चिन्हित करके लाभान्वित किया जा रहा है। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित संबल योजना के अंतर्गत दिव्यांग जनों के आजीविका संवर्धन के लिए काउंसलिंग और प्रशिक्षण दिलाया जा रहा है। प्रशिक्षण प्राप्त दिव्यांगजनों को सीधे व्यावसायिक गतिविधि से जोड़ने की पहल की जा रही है। समाज कल्याण विभाग जिले के सभी जनपद और नगरीय निकायों में दिव्यांगजनों को योजना की जानकारी देने के लिए संबल रथ के माध्यम से प्रचार प्रसार करवाकर चिन्हांकन किया जा रहा है। 40 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता


▶▶ शेष पेज 11 पर


## यात्री किराया में 100 प्रतिशत छूट का जारी किया प्रमाण पत्र



### सेवा शर्त के उल्लंघन पर की जाएगी सख्त कार्रवाई

बस वालों द्वारा उल्लंघन करने की दशा में, अनुज्ञप्तिधारी के विरुद्ध मोटरयान अधिनियम 1988 का सं. 59 की धारा 86 के अधीन एवं परिचालक के विरुद्ध धारा 34 के अधीन कार्रवाई की जाएगी। समाज कल्याण विभाग सारंगढ़ की पहल से निःशुल्क बस परिवहन पास मिलने पर दिव्यांगजनों ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि अब यात्र करने के लिए हमें किसी से यात्र का खर्च मांगने या व्यवस्था करने की जरूरत नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### होली पर पुलिस की रही तगड़ी व्यवस्था

**भाटापारा।** शहर में होली के अवसर पर जिले में बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए व्यापक इंतजाम किए। पुलिस ने 350 जवानों को चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा के लिए तैनात किया, जिससे जिले में होली का पर्व सुरक्षित और आनंदमय तरीके से संपन्न हुआ। पुलिस प्रशासन ने आम जनता से सहयोग की अपील की थी, जिसे जिलेवासियों ने पूरा समर्थन दिया। सामूहिक प्रयासों की बदौलत लोगों ने सुरक्षित और उल्लासपूर्ण तरीके से होली का त्योहार मनाया। पुलिस विभाग ने बताया कि जिले के हर कोने, गली और चौक-चौराहों पर सुरक्षा बलों की तैनाती की गई थी, जिससे किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। पुलिस बल द्वारा निभाए गए कर्तव्यों के लिए प्रशासन ने सभी जवानों को धन्यवाद दिया और जनता से भविष्य में भी इसी तरह सहयोग की अपेक्षा की।

### दीपक निकुंज होंगे पलारी एसडीएम

**बलौदाबाजार।** कलेक्टर दीपक सोनी ने आदेश जारी कर जिला कार्यालय बलौदाबाजार मे पदस्थ डिप्टी कलेक्टर दीपक निकुंज को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पलारी मे पदस्थ किया है। वहीं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पलारी मे पदस्थ डिप्टी कलेक्टर सीमा ठाकुर को आगामी आदेश पर्यन्त जिला कार्यालय बलौदाबाजार मे पदस्थ किया गया है।

### किशोर वर्मा सुहेला के तहसीलदार पदस्थ

**बलौदाबाजार।** कलेक्टर दीपक सोनी ने आदेश जारी कर तहसील सुहेला के वर्तमान तहसीलदार के स्थान पर तहसील लवन के तहसीलदार किशोर कुमार वर्मा को पदस्थ किया है। वहीं जिला कार्यालय बलौदाबाजार मे पदस्थ तहसीलदार पेखन टोंड्रे को तहसील लवन मे पदस्थ किया है।

### महिला से मारपीट

**महासमुंद।** फुलवारी कला की एक महिला के साथ दो लोगों द्वारा मारपीट किए जाने के मामले में बागबाहरा पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस को बुधिया बाई पति मन्नू राम नेताम ग्राम फुलवारी कला ने बताया कि 14 मार्च की शाम करीबन 5.30 बजे वह अपने घर से बस्ती की ओर जा रही थी। इसी दौरान राधे जगत का लड़का जितेंद्र जगत एवंप खिलेश्वर जगत द्वारा इस रास्ते से आने-जाने के लिए मना करते हुए गाली गलौज और मारपीट करने लगे। पुलिस ने महिला की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 296 ,115(2), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

### एक्सीडेंट में एक की मौत

**महासमुंद।** घोड़ारी स्थित राठी पेट्रोल पंप के पास कार की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि घोड़ारी निवासी राजकुमार जांगड़े को राठी पेट्रोल पंप के सामने कार क्रमांक सीजी 07 एएक्स 9310 के चालक द्वारा अपने वाहन को तेज एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर सामने से एक्सीडेंट कर दिया जिससे उसके सिर, जबड़े, आंख के पास चोट लगी। जिसे इलाज के लिए शासकीय अस्पताल महासमुंद ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने इलाज के बाद मृत घोषित कर दिया।

### कार की ठोकर से बाइक सवार 3 लोग घायल

**महासमुंद।** राष्ट्रीय राजमार्ग-53 में भंवरपुर क्रॉसिंग के पास बाइक में सवार तीन युवकों को तेज रफ्तार कार ने ठोकर मार दी। ठोकर इतनी जबरदस्त थी कि कार का अगला पहिया फट गया। कार के सामने का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और ग्राम बड़ेटेमरी निवासी संजय नेताम (25), जगदेव जगत (42) एवं ग्राम पालीडीह सरायपाली निवासी जगसाय जगत (50) के पैर फ्रैक्चर हो गए।

## हादसा : टेंगना नाले के पास हुआ हादसा, दो परिवार में मातम

# अज्ञात कार की ठोकर से बाईक सवार एक बालक समेत तीन की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी



होलिका दहन की शाम उस वक्त अमेरा निवासी दो परिवार की खुशियां मातम में बदल गई जब उन्हे सड़क हादसे में उनके परिवार के सदस्यों की मौत होने का समाचार मिला।

प्रदत्त जानकारी के अनुसार ग्राम अमेरा निवासी नवीन फेकर, जागेश्वर सेन अमेरा से किसी कार्य के लिए मोटर सायकल पर सवार होकर पलारी गये थे। इस दौरान जागेश्वर सेन का चार वर्षीय पुत्र भी अपने पिता के साथ धूमने की जिद्द करते हुए मोटर सायकल में सवार होकर चला गया था। तथा शाम के वक्त पलारी से कार्य निपटाकर वापस अपने घर अमेरा लौट रहे थे इसी दौरान अमेरा से महज एक किमी पहले टेंगना नाला के समीप तेज रफतार अज्ञात कार चालक द्वारा मोटर सायकल को अपनी चपेट में ले लिया गया। जिससे मोटर सायकल सवार नवीन फेकर, जागेश्वर सेन व उसके चार वर्षीय अबोध पुत्र की मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर अफरातफरी का माहौल पैदा हो गया। उधर पलारी पुलिस को जानकारी मिलते ही, मौके पर पहुंच कर ,शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# महिला स्व. सहायता समूह ने किया होली मिलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

महिला स्व. सहायता समूह एल.एफ. के द्वारा योग भवन में होली मिलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना करते हुए कार्यक्रम शुभारंभ किया गया।

इस दौरान नव निर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, उपाध्यक्ष जितेन्द्र महाले सहित पार्शद रेखा पटेल, श्रद्धा वर्मा, ममता राव, अमितेश नेताम का सम्मान किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन के द्वारा महिला स्व. सहायता समूह के होली मिलन समारोह पर सभी को होली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए किये गये समान के लिए आभार व्यक्त किया गया व महिला स्व. सहायता समूह के द्वारा किये जा रहे कार्यो की सराहना की गयी।

### ये हुए शामिल

कार्यक्रम में योगेश अग्रवाल, के.के. वर्मा सहित महिला स्व. सहायता समूह की अध्यक्ष श्रीमति सरिता वर्मा के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विनिता मानिकपुरी, वर्शा पटेल, रानू बाजपेयी, पिंकी कश्यप, राधिका साहू, सीमा सेन, मिथला वर्मा, नागेश्वरी वर्मा, सीमा सेन, नीलम जायसवाल, टिके"वरी पाल, रत्ना जायसवाल, कोमल ध्रुव, प्रमिला वर्मा, रानू साहू, प्रिया वर्मा, पायल यादव, सुबी यादव, रमशीला वर्मा, "वेता वर्मा, ज्योति तलाम, रिया दत्ता, संजू खरे, लीना साहू, रीना बंजारे, रोशनी टंडन, कुमारी पाल सहित महिला स्व. सहायता समूह की महिलाएं एवं वार्डवासी उपस्थित थे।

# चाकू बरामद, एक अपचारी समेत 4 अरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

■ धारदार चाकू के साथ 1 अपचारी बालक सहित पकड़ाए 4 आरोपी

भाटापारा पुलिस द्वारा होली पर्व पर शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु अवैध रूप से शराब बिक्री करने वालों एवं शांति व्यवस्था बाधित करने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कार्यवाही लगातार जारी है। ऑपरेशन विश्वास के तहत 13 मार्च गुरूवार को होलिका दहन पर्व के दिन धारदार चाकू अपने पास रखने वाले एक अपचारी बालक सहित 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। भाटापारा ग्रामीण पुलिस द्वारा ग्राम डिग्गी में एक आरोपी रितिक कुमार बंजारे उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम आमाकोनी थाना सुहेला को हिरासत में लिया गया है, जिसके द्वारा अपने पास रखे धारदार चाकू को लहरा कर आने जाने वाले लोगों को डराया एवं धमकाया जा रहा था। इसी प्रकार थाना कसडोल पुलिस द्वारा गुरु घासीदास चौक कसडोल में आरोपी पूनम साहू उम्र 21 साल निवासी हड़हापारा कसडोल थाना कसडोल को हिरासत में लिया गया है, जिसके द्वारा धारदार चाकू दिखाकर लोगों को डराया एवं धमकाया जा रहा था। इसी क्रम में थाना भाटापारा शहर की पुलिस टीम द्वारा नेहरू वार्ड भाटापारा एवं सर्कस मैदान स्टेशन वार्ड भाटापारा में धारदार चाकू अपने पास रखने वाले एक अपचारी बालक सहित नीरज उके उम्र


▶▶ शेष पेज 11 पर


# नाराज पंचायत सचिव 18 मार्च से करेंगे अनिश्चितकालीन आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

■ मोदी की गारंटी पर अमल नहीं होने से नाराज हैं पंचायत सचिव

विधानसभा निर्वाचन 2024 में भारतीय जनता पार्टी द्वारा अपने संकल्प पत्र (मोदी की गारंटी) पर उल्लेख किया गया था यदि प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनती है तो आने वाले 100 दिनों के भीतर मोदी की गारंटी के तर्ज पर पंचायत सचिवों को शासकीय कारण का सौगात दिया जाएगा । भारतीय जनता पार्टी की सरकार सरकार गठन के 7 महीना पश्चात 7 जुलाई को पंचायत सचिवों की स्थापना


▶▶ शेष पेज 11 पर


### अधिकारियों को सौंपा ज्ञापन

इस प्रकार मोदी के गारंटी वाली संकल्प पत्र पर छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा किसी प्रकार की ध्यान नहीं दिया गया मोदी की गारंटी में दिए गए संकल्प पत्र के आधार पर 100 दिनों में मांग पूर्ण करने वाले सरकार 400 दिन बीत जाने के बाद भी किसी प्रकार का सकारात्मक पहल नहीं किए जाने से क्षुब्ध होकर छत्तीसगढ़ प्रदेश पंचायत सचिव संघ द्वारा प्रांतीय आह्वान पर 17 मार्च 2025 को विधानसभा घेराव एवं 18 मार्च 2025 से जनपद पंचायत मुख्यालय में अनिश्चितकालीन आंदोलन करने का निर्णय लिया गया है यदि छत्तीसगढ़ प्रदेश पंचायत सचिव की एक सूत्रीय मांग शासकीय कारण को 31 मार्च तक पूर्ण नहीं की जाती है तो 1 अप्रैल को मंत्रलय का घेराव किया जाने का निर्णय लिया गया है प्रदेश पंचायत सचिव संघ के प्रांतीय आह्वान पर तैयार की गई रूपरेखा संबंधित ज्ञापन मुख्यकार्यपालन अधिकारी जनपद तिल्दा, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तिल्दा, थाना प्रभारी तिल्दा को सौंपा गया ।

### ये थे उपस्थित

जिसमें रायपुर प्रदेश पंचायत सचिव संघ के ब्लॉक अध्यक्ष भरत वर्मा ,ब्लॉक उपाध्यक्ष होरी लाल वर्मा, जिला मीडिया प्रभारी एवं संगठन सचिव कोमल प्रसाद साहू, जिला प्रवक्ता चिंतामणि साहू, जिला महामंत्री भीखम कन्नौजे, जिला संगठन मंत्री ललित चंद्राकर, जिला संयोजक शिवचरण वर्मा, विष्णु देवांगन सहित जनपद पंचायत तिल्दा के पंचायत सचिव खेशराम साहू, ललित गुप्ता, सुखदेव पाठक, सुरेश पठारे, सुंदर ध्रुव, अवध वर्मा, राजकुमार साहू मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# राजस्व मंत्री ने समाज प्रमुखों को दिया पुनः मुलाकात करने का आश्वासन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

खल्लारी महाकालेशवर महासभा बलौदाबजार के पदाधिकारी एंव गोंडखपरी चक, रानी जरौद चक, बोइरडीह चक के पदाधिकारियौं ने ग्राम गोड़खपरी में 27 एवं 28 मार्च को होने वाले सामुहिक विवाह में मुख्य अतिथि के रूप राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा को आमंत्रित करने के लिए शनिवार को उनके निवास में मुलाकात करने पहुंचे थे। राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने आदिवासी समाज के समाज प्रमुखों को अशवासन देते हुए सोमवार को पुनः मुलाकात करने की बात कहते हुए मिलने के लिए समय की जानकारी देने की बातें कहीं। इस अवसर पर खल्लारी महाकालेशवर महासभा बलौदाबजार के अध्यक्ष भागबली धुरव ,उपाध्यक्ष तिरिथ मरकाम , महासचिव दौलत जगत, कोषाध्यक्ष जगदीश शोरी, सचिव राजेश मरकाम,


▶▶ शेष पेज 11 पर


## नपाध्यक्ष ने कचरा कलेक्शन के नियमित मासिक शुल्क भुगतान करने की अपील की

# शहर में स्वच्छता के लिए जनजागरूकता है जरूरी: नपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

■ नपा अध्यक्ष ने कटवाई कचरा कलेक्शन की रसीद, फीडबैक फॉर्म भी भरा

शहर में डोर - टू - डोर कचरा कलेक्शन के एवज में लिए जाने वाले मासिक शुल्क की रसीद कटवाने की शुरुआत अपने घर से करते हुए नगरवासियों से मिशन क्लीन सिटी में सहयोग करने का आह्वान किया है। नपा अध्यक्ष ने इस दौरान नई पहल के तहत सफाईकर्मियों को कचरा कलेक्शन व वार्ड में सफाई के संदर्भ में अपनी ओर से फीडबैक फॉर्म भरकर भी दिया। शहर में स्वच्छता संबंधी कार्य, कचरा कलेक्शन की वास्तविकता को जानने नपाध्यक्ष ने फीडबैक फॉर्म भरवाने की अभिनव पहल की है।

### स्वच्छता केवल एक जिम्मेदारी नहीं जनआंदोलन है

इसी कड़ी में बुधवार 12 मार्च को भाटापारा नगर पालिका के मिशन क्लीन सिटी के अंतर्गत नगर का प्रथम नागरिक होने के नाते नगर पालिका अध्यक्ष श्री अश्वनी शर्मा ने स्वयं के घर से मासिक शुल्क रसीद कटवाकर और फीडबैक फॉर्म भरकर इस अभियान की शुरुआत की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि, स्वच्छता केवल एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि एक जनआंदोलन है। इसलिए समस्त नागरिकों से अपील है कि वे स्वच्छता को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं और इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं।



### जनजागरूकता जरूरी है

हम शहर में स्वच्छता के लिए संकल्पित हैं। इसके लिए जनजागरूकता जरूरी है। हम नगर पालिका के कामों पर भी लोगों से फीडबैक लेंगे।

-**अश्वनी शर्मा**, अध्यक्ष, नपा भाटापारा

### वार्डवासियों के फीडबैक लेने की पहल

उल्लेखनीय है कि बीते दिनों शहर में सफाईकर्मियों के संग चर्चा के दौरान नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष श्री अश्वनी शर्मा ने कचरा कलेक्शन व सफाई के एवज में वसूले जाने वाले मासिक शुल्क की स्थिति को लेकर भी जानकारी ली। इस दौरान सफाईकर्मियों ने बताया कि शहर में लोगों के बीच कचरा कलेक्शन के बदले मासिक शुल्क के भुगतान को लेकर रुचि नहीं दिखती। इसके अलावा सफाई के दौरान आने वाली अन्य समस्याओं को भी सफाईकर्मियों ने नपा अध्यक्ष से साझा किया था। चर्चा के बाद मासिक शुल्क वसूली को लेकर नए सिरे से कवायद करने के साथ ही अब कचरा कलेक्शन व सफाई पर वार्डवासियों के फीडबैक भी लेने की पहल नपा अध्यक्ष श्री शर्मा ने की।

### आरटीई के तहत निजी स्कूलों में प्रवेश के लिए आनलाइन आवेदन शुरू

**बलौदाबाजार।** स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा सत्र 2025–26 के तहत आरटीई के अंतर्गत जिले के 219 निजी स्कूलों के कुल 2105 सीटों पर निःशुल्क प्रथम चरण में प्रवेश हेतु आनलाइन आवेदन 31 मार्च 2025 तक मंगाए गए है। पात्र व योग्यताधारी बच्चों का ही प्रवेश हो एवं प्रवेश की प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने हेतु पोर्टल में आवश्यक सुधार किया गया है। ऑनलाइन आवेदन हेतु वेबसाइट में जाकर आवेदन कर सकते है। इस संबंध में अन्य विकल्प के रूप में संस्था, नोडल अधिकारी एवं च्वाइंस सेन्टर के माध्यम से भी आवेदन कर सकते है। ऑनलाइन आवेदन के साथ बच्चे का पासपोर्ट साईज फोटो सहित संलग्न दस्तावेज को अपलोड करना अनिवार्य है।


हरिभूमि पाठक सूचना

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8224035555, 8370049468

## खबर संक्षेप

### शादी का झांसा देकर युवती से रेप, की मारपीट

**रायपुर।** राजेंद्र नगर थाने में एक युवती ने एक युवक के खिलाफ शादी का झांसा देकर रेप करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। अमलीडीह निवासी युवती ने रंजन कुमार साहू के खिलाफ रेप की शिकायत दर्ज कराई है। युवती ने पुलिस को बताया कि रंजन ने उससे शादी करने का झांसा देकर रेप को अंजाम दिया। शादी करने दबाव बनाने पर रंजन ने युवती से शादी से इंकार कर दिया और उसके साथ मारपीट की।

### मजदूर को भड़काने का आरोप लगाकर मारपीट

**रायपुर।** तेलीबांधा थाने में एक युवक ने दूसरे युवक के खिलाफ मजदूर को भड़काने का आरोप लगाकर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। खम्हारडीह निवासी अंश माधिका ने जितेंद्र कुमार शर्मा के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। अंश ने पुलिस को बताया कि जितेंद्र ने उस पर मजदूरों को भड़काने का आरोप लगाकर मारपीट की है।

### पुरानी रंजिश के चलते दो पक्ष भिड़े, केस दर्ज

**रायपुर।** टिकरापारा थाने में दो पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ पुरानी रंजिश के चलते मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। सुदामा नगर निवासी कुंती मरकाम ने प्रमिका, रेणुका, राधा तथा नागेश मरकाम के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। कुंती ने पुलिस को बताया कि पुरानी रंजिश के चलते चारों ने उसके साथ विवाद करते हुए मारपीट की। दूसरे पक्ष के लोगों ने कुंती तथा अन्य के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है।

### कार किराए पर लेकर की अमानत में खयानत

**रायपुर।** सरस्वती नगर थाने में एक व्यक्ति ने दूसरे व्यक्ति के खिलाफ कार किराए पर लेकर वापस नहीं कर अमानत में खयानत करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। सुंदर नगर निवासी अनूप तिवारी ने आमिर मिर्जा बेग के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।

### सामुदायिक भवन निर्माण के लिए दिए 10 लाख

**रायपुर।** 9 मार्च को अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर रविदास समाज द्वारा रायपुर में आयोजित प्रदेश स्तरीय महिला सम्मेलन में रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुनील सोनी ने शामिल होकर रविदास समाज की महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य शासन द्वारा महिला हित में चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने में वे संकोच न करें, राज्य शासन किसी के साथ कोई भी भेदभाव नहीं करता। समाज प्रमुख की मांग पर उन्होंने विधायक निधि से 10 लाख रुपये उनके विधानसभा क्षेत्र जहां रविदास समाज निवासरत हैं कि महिलाओं के लिए महिला सामुदायिक भवन निर्माण के लिए देने की घोषणा की।

### दानीटोला में गायत्री यज्ञ, मानसगान 11 अप्रैल से

**धमतरी।** वार्डवासियों के सहयोग से शहर के दानीटोला वार्ड में मां शीतला मंदिर परिसर में 11 से 13 अप्रैल तक पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ प्रज्ञापुराण एवं श्री हनुमान जन्मोत्सव तथा मानसगान सम्मेलन का आयोजन किया गया है। प्रथम दिवस दीप प्रज्ज्वलन के अतिथि मुरली प्रसाद साहू, चिरौंजी साहू, नरेन्द्र साहू, चम्पालाल साहू, बंशीलाल साहू, अशोक मेश्राम, अज्जू देशलहरे होंगे। कार्यक्रम के तहत प्रथम दिन कलश यात्रा, देव स्थापना, प्रज्ञापुराण, दूसरे दिन हनुमान जयंती एवं अन्य कार्यक्रम, तृतीय दिवस पांच मानस मंडलियों की प्रस्तुति होगी।

### भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा प्रमाण-पत्र वितरित

**नगरी।** शासकीय माध्यमिक शाला गोरेगांव में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का प्रमाण-पत्र वितरित किया गया। परीक्षा में सम्मिलित छात्रों की संख्या 18 थी जिसमें श्रेष्ठ श्रेणी में 83 फीसदी छात्र उत्तीर्ण हुए। सामान्य श्रेणी में 17 फीसदी छात्र उत्तीर्ण हुए। प्रधानपाठक कौशलप्रसाद साहू ने सभी उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की है। इस अवसर पर शिक्षक राकेश कोसरिया, चंद्रप्रभा साहू एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# भागवत कथा में सुनाया श्रीकृष्ण-रूक्मिणी विवाह प्रसंग, श्रद्धालुओं ने की पुष्पवर्षा

**खरोरा में श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ खरोरा

नगर पंचायत खरोरा में स्वर्गीय माखनलाल शर्मा एवं स्वर्गीय श्रीमती राम कुमारी शर्मा की पुण्यतिथि पर में श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया है।

संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह के सातवें दिन शनिवार को भागवतआचार्य पंडित विक्रमादित्य दुबे कथा प्रसंग में पवित्र व्यास गद्दी से कृष्ण मथुरा गमन, उद्घव चरित्र, रुक्मिणी विवाह प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा व्यास ने कहा कि, हमारा मन ही मथुरा है और यह तन ही गोकुल है। यदि भगवान को पाना चाहते हो तो मन को मथुरा बना लो। जिसका मन पवित्र हो जाता है वह मथुरा बन जाता है। कार्यक्रम के दौरान मंडली द्वारा कृष्ण–रुक्मणी विवाह से जुड़ी मनोहारी झांकी प्रस्तुत की गई। जिसे देख पूरा पंडाल कृष्ण के जयकारे से गुंजायमान हो उठा। भजन गीतों से सुरों में सभी श्रोता झूमने लगे।



**कृष्ण–रूक्मिणी विवाह की झांकी ने मोहा मन**

मौके पर कृष्ण–रूक्मिणी विवाह की आकर्षक झांकी ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। तो वहीं संगीतमय कृष्ण भजनों पर रसिक श्रोताओं ने खूब ठुमके लगाए। कथा के मध्य भगवान कृष्ण की धूमधाम के साथ बारात निकाली गई। बारात में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु बाराती बनकर झूमते नाचते हुए कथा पंडाल पहुंचे। इस दौरान भक्त भगवान श्री कृष्ण की महिमा पर आधारित भजनों की मीठी तान पर थिरकते रहे। इस अवसर पर वरमाला धूमधाम से संपन्न हुआ। श्रद्धालुओं ने कृष्ण और रूक्मिणी के पैर धोकर पूजा–अर्चना की और मंगला आरती गाकर विवाह संपन्न कराया। वहीं भगवान को उपहार भी भेट किए। इस दौरान श्रद्धालुओं ने नृत्य करते हुए जयकारे लगाए तो माहौल धर्ममय हो गया। पंडाल में सारा जनमानस भाव विभोर होकर झूम उठे। वहीं सजीव झांकियां भी सजाई गई थी। जो सभी को खूब आनंदित किया। कथा के दौरान भक्तिमय संगीत ने श्रोताओं को आनंद से परिपूर्ण किया।

**भगवान हर स्थिति में करते हैं अपने भक्तों की रक्षा :** कथा व्यास ने कहा कि भगवान पर अटूट विश्वास होना चाहिए, यदि अटूट विश्वास है तो भगवान हर स्थिति में अपने भक्तों की रक्षा करते हैं। इस दौरान कृष्ण–रूक्मिणी का वेश धारण किए बाल कलाकारों पर कथा श्रवण करने आए भागवत प्रेमियों ने जमकर पुष्प वर्षा की। साथ ही विवाह के मंगल गीत गाते हुए नृत्य भी किए।

## होली पर शराब पीकर गाड़ी चलाने और तीन सवारी वालों पर हुई कार्रवाई

# जिले में 217 वाहन चालकों के खिलाफ की गई चालानी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

- 6 महत्वपूर्ण स्थानों में की गई नाकाबंदी
- शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों के प्रकरण न्यायालय में होंगे पेश
- वाहन चालकों के लाइसेंस निलंबन की भी कार्यवाही

होली पर्व के दौरान जिला में 13 एवं 14 मार्च को रंग गुलाल होली का पर्व हर्षोल्लास एवं शांति पूर्वक मनाया गया।। होलिका दहन एवं होली पर्व के दिन पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान कुल 217 वाहन चालकों के विरुद्ध मोटर व्हीकल के विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही करते हुए उनके वाहन जप्त किया गया। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा चेकिंग कर शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले और दोपहिया वाहन में तीन सवारी करने वाले लोगों के वाहन जप्त किए गए है। इन वाहनों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इसके सांथ ही शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों के प्रकरण न्यायालय में पेश किया जा रहा हैं। इसके अलावा वाहन चालकों के लाइसेंस निलंबन की भी कार्रवाई की जा रही है। पूरे जिले में होलिका दहन एवं होली पर्व के दौरान अत्यंत तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने वाले, दोपहिया वाहन में तीन सवारी, शराब पीकर वाहन चलाने एवं हुडदंग मचाने वाले व्यक्तियों की चेकिंग कर धरपकड़ के लिए संपूर्ण जिले में चेकिंग अलग–अलग स्थानों पर चेकिंग पॉइंट तथा 6 महत्वपूर्ण स्थान में नाकाबंदी चेकिंग पॉइंट लगाया गया। इसके अतिरिक्त संपूर्ण जिले में आवश्यक सुरक्षा प्रबंध बनाए रखने एवं लगातार चेकिंग अभियान हेतु 24 महत्वपूर्ण स्थानों का चिन्हांकन कर फिक्स पैकेट के रूप में पुलिस बल लगाया गया था।



# पूर्व सरपंच प्रतिनिधि एवं युवा टीम ने किया नवनिर्वाचित सरपंच पंचों का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिरमी रावन

ग्राम पंचायत मुसुवाडीह में होली होली पर बड़े ही धूमधाम से मनाया गया इस अवसर पर नवनिर्वाचित पंच एवं सरपंच का सम्मान समारोह आयोजन पूर्व सरपंच प्रतिनिधि एवं युवा टीम के द्वारा किया गया सम्मान की इस अवसर पर ग्रामीणों की उपस्थिति में नव निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को अबीर गुलाल लगाकर मिठाई खिलाया गया। इस अवसर पर पूर्व सरपंच प्रतिनिधि आशीष कुमार वर्मा ने कहा रंगों का या महापर्व होली त्यौहार एक अच्छे संदेश हमको दे जाते हैं जो साल में एक बार आते हैं और सभी को रंग रंग कर आपसी मतभेदों को बुलाकर भाईचारे की भावना जगा कर चले जाते हैं हमें भी इस पर्व में आपसी रंजिश शिकवा शिकायत बुलाकर एक दूसरे की मंगल कामना करनी चाहिएइस मौके पर आशीष वर्मा, बाला राम यदु, डिलेवरी यदु, डोमेस कश्यप, रवि ध्रुव,सेवक राम, बल्ला पाल, दिलीप पाल, श्यामलाल धीरज धुरव, मनीषा सारथी, करुणा, पायल, संजू राजगो, नीलू यदु ,सिमरन ध्रुव, छोटी ध्रुव, पायल यदु एवं समस्त ग्राम वासी उपस्थित थे।

## धोखाधड़ी और गबन का आरोपी हिरासत में, जांच जारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार



सेटिन क्रेडिट केयर नेटवर्क लिमिटेड बलौदाबाजार के शाखा प्रबंधक वीरेंद्र कुमार पाटले ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि शाखा की ऑडिट रिपोर्ट में आरोपी सत्यनारायण सहित अन्य आरोपियों द्वारा विभिन्न हितग्राहियों से रकम लेकर शाखा में जमा नहीं किया गया है। आरोपी सत्यनारायण लहरे द्वारा विभिन्न महिला ग्राहकों से शाखा में जमा करने हेतु लिए गए कुल रकम 14,542 रू शाखा में जमा नहीं किए गए है। रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में धारा 420,34 का अपराध पंजीबध्द कर मामले को विवेचना में लिया गया।

थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा जांच एवं विवेचना कार्यवाही करते हुए आरोपी सत्यनारायण लहरे उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम जोंधरा थाना पचपेड़ी जिला बिलासपुर को हिरासत में लिया गया। पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा विभिन्न महिला हितग्राहियों द्वारा जमा करने के दी गई रकम को शाखा में जमा ना कर स्वयं उपभोग कर लेना स्वीकार किया गया। कि प्रकरण में आरोपी को आज शनिवार को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

## अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले शराब कोचिया गिरफ्तार



**बलौदाबाजार।** होली पर्व पर शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु चौकी गिरौदपुरी पुलिस द्वारा शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। आपरेशन विश्वास के तहत 14 मार्च को पुलिस चौकी गिरौदपुरी की पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले एक शराब कोचिया को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी ननकी राम डडसेना उम्र 55 साल निवासी ग्राम गिरौदपुरी से 10,130 रु की अंग्रेजी देशी प्लेन एवं महुआ शराब जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध चौकी गिरौदपुरी में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

## लालसोट ब्राह्मण समाज महिला मंडल की कार्यकारिणी गठित, नेहा अश्वनी शर्मा बनीं अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भाटापारा



शहर में लालसोट समाज की महिलाओं की बैठक संपन्न हुई। जिसमें नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस दौरान उपस्थित वरिष्ठ सदस्यों एवं सभी महिलाओं द्वारा सर्वसम्मति से महिला मंडल की अध्यक्ष पद के लिए श्रीमती नेहा अश्वनी शर्मा को चुना गया। विभिन्न जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के लिए कार्यकारिणी के विभिन्न पदों एवं कार्यकारिणी सदस्यों का चयन किया गया। महिला इकाई की संरक्षिका श्रीमती पूजा नरेश चौबे व श्रीमती वंदना गोपाल शर्मा बनाई गयी। कार्यकारिणी की मार्गदर्शिका श्रीमती कमला धनजी जोशी व श्रीमती आशा जितेंद्र पुरोहित होंगीं। इसी प्रकार उपाध्यक्ष -श्रीमती प्रियंका दुर्गेश शर्मा, सचिव -श्रीमती ज्योति शैलेश शर्मा व श्रीमती उमा सोनू पटाक, कोषाध्यक्ष -श्रीमती रेखा जयप्रकाश शर्मा व श्रीमती यामिनी आलोक शर्मा, सहसचिव- श्रीमती मीता संतोष शर्मा व श्रीमती पदमा प्रमोद तिवाड़ी, मिडिया प्रभारी - श्रीमती आभा हेमंत व्यास, सांस्कृतिक प्रमुख- श्रीमती साक्षी मोनू शर्मा व श्रीमती साक्षी राहुल जोशी चुनी गयी। इनके अतिरिक्त विभिन्न आयोजनों व सामाजिक कार्यक्रमों में सहयोग हेतु कार्यकारिणी सदस्यों के रूप में - श्रीमती योगिता योगेश शर्मा, श्रीमती ममता गोविन्द शर्मा, श्रीमती पायल मयंक तिवाड़ी,श्रीमती ख़ुशी आशीष टोडर, श्रीमती आरती वैभव टोडर, श्रीमती अर्चना वीनू शर्मा, श्रीमती पिंकी अभिषेक शर्मा, श्रीमती संध्या चंदू चौबे, श्रीमती महिमा सिद्धार्थ शर्मा, श्रीमती अंकिता आशीष पुरोहित, श्रीमती सोनिया अभिषेक शर्मा, श्रीमती पलक सौरभ चौबे, श्रीमती सपना आयुष पुरोहित व श्रीमती मोनिका सन्नी शर्मा का चयन किया गया। समाज की वरिष्ठ महिलाओं व सभी सदस्यों द्वारा नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को आशीर्वाद व बधाई देकर कर्तव्यों के कुशल निर्वहन की बात कही गयी। उपरोक्त जानकारी मिडिया प्रभारी श्रीमती आभा हेमंत व्यास द्वारा दी गयी।

## शराब की बिक्री करते आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ धमतरी

कुरूद पुलिस ने ग्राम मेंडरका थोथली तालाब के पास अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहे आरोपी को गिरफ्तार किया। कुरूद पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति ग्राम मेंडरका भोथली, नया तालाब सियार के पास बोरी के अंदर में अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री कर रहा है। कुरूद पेट्रोलिंग की टीम ने घेराबंदी कर उस व्यक्ति को पकड़ा। नाम पता पूछने पर अपना नाम मिथिलेश उर्फ राजू चंद्राकर पिता अलख राम चंद्राकर उम्र 25 वर्ष साकिन ग्राम मेंडरका बताया। दो सफेद पीला रंग की प्लॉस्टिक बोरी की तलाशी लेने पर 137 पौवा मसाला शराब एवं 11 पौवा प्लेन शराब मिली। प्रत्येक में 180-180 एम.एल.भरी हुई कुल 26.640 बल्क लीटर कीमत 16,060 रूपये एवं बिक्री रकम 1200 रूपये कुल जुमला 17,260 रूपये जब्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध थाना कुरुद में धारा 34 (2) आबकारी एक्ट की कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई में थाना कुरूद से गहेश्वर साहू का योगदान रहा।

# कलेक्टर ने केंद्रीय विद्यालय के लिए ग्राम अमेरा में भूमि किया आवंटित

**बलौदाबाजार।** नवीन केंद्रीय विद्यालय स्थापना हेतु तहसील पलारी के ग्राम अमेरा में कलेक्टर दीपक सोनी ने जमीन आवंटित कर दिया है। उन्होंने इस आशय के आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं तहसीलदार पलारी के प्रतिवेदन, अभिमत से सहमत होते हुए तहसील पलारी अंतर्गत ग्राम अमेरा प. ह. न. 25 स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 3682ध्1 रकबा 4.242 हेक्टेयर, खसरा नंबर 3684 रकबा 0.684 हेक्टेयर, खसरा नम्बर 1272ध्1 रकबा 22.849 हेक्टेयर मे से रकबा 0.648 हेक्टेयर भूमि को छत्तीसगढ़ भूराजस्व संहिता 1959 की धारा 237(3) के तहत परिवर्तन करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी बलौदाबाजार–भाटापारा को केंद्रीय विद्यालय स्थापना हेतु शर्तो के आधीन आवंटित किया गया है।

भूमि के किसी भी उपयोग या उस पर किसी भी निर्माण के पूर्व सम्बंधित विभागों से अनापत्ति प्रमाण पत्र लिया जाना अनिवार्य होगा। भूमि का उपयोग केंद्रीय विद्यालय स्थापना के अलावा अन्य प्रायोजन के लिए नहीं होगा। शासन द्वारा समय समय पर प्रतिपादित की जाने वाली शर्तें मान्य होगी। पर्यावरण संरक्षण हेतु आवश्यकतानुसार वृक्षारोपण करना होगा। रैन वाटर हार्वेस्टिंग स्थापित करना अनिवार्य होगा।

## नवनिर्वाचित जिपं सदस्य बंजारे ने क्षेत्रवासियों से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▸▸ संडी

बलौदाबाजार क्षेत्र क्रमांक 13 के नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य रवि बंजारे ने अपने क्षेत्र का दौरा कर ग्रामीणों से मुलाकात कर आभार प्रकट किया। ग्राम जर्वे में पहुंचकर उन्होंने ग्रामीणों को क्षेत्र के विकास के लिए हरसंभव प्रयास करने का विश्वास दिलाया। पश्चात स्वामी आत्मानंद स्कूल पहुंचकर बच्चों से मुलाकात किया। बंजारे ने कहा कि जनता की मांगों और आवश्यकताओं के अनुरूप विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। इस अवसर पर सरपंच ग्राम पंचायत जर्वे किशन कुमार ध्रुव, बेनी राम साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# वाहन पेड़ से टकराया, चालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नगरी

एक स्कार्पियो वाहन बेकाबू होकर पेड़ से जा टकराया। इस हादसे में चालक की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं वाहन के सामने का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है।जानकारी के मुताबिक घटना नगरी थाना क्षेत्र की है। घटना नगरी से सांकरा रोड में 15 मार्च की सुबह करीब साढ़े 9 बजे की बताई जा रही है। सांकरा की तरफ जाने के दौरान नगरी छिपली चौक से लगभग 1 किमी दूरी पर स्थित एक सुअर फार्म के पास स्कार्पियो अनियंत्रित होकर पलटा और फिर पेड़ से जा टकराया। इस हादसे में चालक बलराम ठाकुर निवासी राजिम क्षेत्र जिला गरियाबंद की मौके पर ही मौत हो गई। इधर घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके तत्काल पहुंची और आगे की कार्रवाई शुरु कर मामले की जांच में जुट गई है।



**एएसपी का ड्राइवर था मृतक**

बताया जा रहा है कि मृतक युवक बीते करीब ढाई महीने से नगरी में अधिग्रहण किए वाहन को चलाने का कार्य कर रहा था, जो नगरी में पदस्थ एएसपी शैलेंद्र कुमार पांडे का वाहन चालक था। इधर मामले की सूचना उनके परिजनों को दे दी गई है, वहीं पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## ग्राम पंचायत सचिव 17 को विधानसभा का घेराव करेंगे

**धमतरी।** पंचायत सचिवों ने सोमवार को विधानसभा का घेराव कर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की सूचना कलेक्टर को दी है। प्रदेश ग्राम पंचायत सचिव संघ ने 12 मार्च को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर कहा है कि विधानसभा चुनाव 2023-24 में मोदी की गारंटी बताकर पंचायत सचिवों का शासकीयकरण करने का वादा किया गया था। 1995 से कार्यरत सचिवों का शासकीयकरण किया जाना है। 7 जुलाई 2024 को रायपुर के इंडोर स्टेडियम में मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष, उपमुख्यमंत्री आदि ने तत्काल कमेटी गठन करने की घोषणा करते हुए शासकीयकरण का भरोसा दिया था। कमेटी ने पंचायत सचिवों के शासकीयकरण के संबंध में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर दिया है।

## खबर संक्षेप

### फागू राम सेन बने ग्राम पंचायत भवानीपुर के उपसरपंच



**भवानीपुर।** ग्राम पंचायत भवानीपुर आश्रित ग्राम जुनवानी करके कुल 15 वाडोंर् का पंचायत है जहां उपसरपंच चुनाव में फागू राम सेन व नरेन्द्र चंद्राकर ने भाग लिया जिसमें फागुराम सेन को 11 मत और नरेंद्र चद्राकर को5मत प्राप्त हुआ फागू राम सेन के जीत हासिल कसे उनके विजय होने पर उनके समर्थकों एवं ग्रामीण जमकर आतिशबाजी की और गुलाल लगाकर उनका अभिनंदन किया इस जीत पर सरपंच प्रेमीन लहरी दिलेश्वरी ध्रुव, शकुंतला साहू, कुसुमलता ध्रुव, कोमल साहू, यशोदा आडील, हेमा ध्रुव, गंगा ध्रुव, प्रमिला यादव, दुर्गा प्रसाद आडील, देवेंद्र साहू, सुरेंद्र ध्रुव, टिकेश्वर साहू, द्वारका चंद्राकर, सचिव नरेंद्र चंद्राकर, रोजगार सहायक रोहित कुमार साहू, नंद कुमार साहू, तोरण नेताम, भोज कुमार साहू, तुकाराम ध्रुव, बोधी राम साहू, कुलेश्वर साहू, पप्पू ध्रुव, नरेंद्र साहू, दिनेश बघेल, संतोष साहू, दूखू राम ध्रुव सहित ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### जपं सदस्य कृष्णा आजाद ने क्षेत्रवासियों से की मुलाकात



**संडी।** पलारी क्षेत्र क्रमांक 6 के नवनिर्वाचित जनपद पंचायत सदस्य कृष्णा आजाद ने अपने क्षेत्र का दौरा कर ग्रामीणों से मुलाकात कर आभार प्रकट किया। ग्राम सुन्द्रावन में पहुंचकर उन्होंने ग्रामीणों को क्षेत्र के विकास के लिए हरसंभव प्रयास करने का विश्वास दिलाया। आजाद ने कहा कि जनता की मांगों और आवश्यकताओं के अनुरूप विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी।

### बिनौरी में हुई कुएं व हैंडपंप की सफाई



**पलारी।** ग्राम पंचायत बिनौरी के वार्ड क्रमांक 11 के कुओं की साथ ही हैंडपंप स्थल पर पसरी गँदगी की सफाई की गई ताकि ग्रामीणों को स्वच्छ पानी मिल सके सरपंच ने बताया कि पानी टैंकर से कुओं में पानी डाले जाएंगे जिसके लिए कुंओ की सफाई बेहद जरूरी था तथा ग्रमी को देखते हुए वार्डवासियों को पानी की किल्लत न हो, वही सभी वार्ड के पंचो को सार्वजनिक कुंओं की साफ सफाई जल्द से जल्द कराने को कहा गया है ताकि सभी कुंओ मे पानी भरा जा सके आम जन को सुविधा मिल सके।

### भैंसमुंडी में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह 19 से

**मगरलोड।** सहेली महिला स्वसहायता समूह के तत्वावधान में 19 से 27 मार्च तक श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन शिव चौक आंगनबाड़ी केंद्र वार्ड क्र. 7 के पास नपं भैंसमुंडी मगरलोड में किया जा रहा है। प्रवचनकर्ता पं. जगमोहन महाराज रायपुर लचकेरा व परायणकर्ता अमृत महाराज ग्राम लचकेरा होंगे।

**पर्व : होली मिलन समारोह में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का विधायक ने किया सम्मान**

# होली मिलन में निर्वाचित जन प्रतिनिधयों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

- रंग उमंग और आपसी भाई चारे का त्यौहार होली का पर्व पूरे क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।कांग्रेस भवन में इस बार होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ जिसमें विधायक इंद्र साव ने नगाड़ा बजाकर साथियों के फाग गाया।इस अवसर पर उन्होंने सभी को होली पर्व की बधाई देते हुए नव निर्वाचित जन प्रतिनिधियों का शाल श्रीफल से सम्मान करते हुए उन्हें नए दायित्वों की शुभकामना दी।



**नगाड़े की थाप ने बांधा समां:** होली का त्यौहार हो और उसमें ढोल नगाड़े की थाप पर फाग गीतों की धूम इस त्योहार को रंगीन और खुशनुमा बना देती है।शहर और आसपास के ग्रामीण अंचलों में भी इस बार होलीकोत्सव की धूम काफी देखने सुनने को मिली। कांग्रेस भवन में इस बार होली पर्व का नजारा देखते ही बन रहा था,जहा शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में कांग्रेस की राजनीति करने वालों की काफी बड़ी तादाद में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जहां एक ओर विधायक इन्द्र साव स्वयं काफी देर तक परंपरागत रूप से नगाड़ा बजाते व फाग गाते नजर आए वहीं दूसरी ओर विधायक श्री साव मिलने-जुलने व होली की बधाईयां देने वालों से लगातार मिलकर बधाई देते रहे। इस होली मिलन के अवसर पर ही विधायक ने नगरीय निकाय चुनाव और त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव में जीत कर आए सभी नव निर्वाचित जन प्रतिनिधियों का शाल श्रीफल देकर सम्मान किया और सभी को उन्हें नए दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी के साथ अपनी जनता के हितों के लिए करने का संदेश दिया। विधायक इन्द्र साव ने होली मिलन समारोह में उपस्थित सभी लोगों को होली की बधाई देते हुए कहा कि मन का मेल दूर करने वाला यह पर्व आपसी भाईचारे को मजबूत करता है।होली सिर्फ रंगों का यह त्यौहार नहीं बल्कि दिलो को जोड़ने का अवसर भी है। विधायक श्री साव ने सभी को आपसी मेल जोल बनाए रखने की अपील की है।

**कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित:** कार्यक्रम में मुख्यरूप से ईश्वर सिंह ठाकुर, कुबेर यदु, राजकुमार शर्मा, रोशन हबलानी आलोक मिश्रा, अशोक ध्रुव, हिरेंद्र कोशले, गोलू साहू, कमलेश साहू, दिवाकर मिश्रा, नानू सोनी, वैभव केसरवानी,चंद्रशेखर चक्रधारी, सुन्दर साहू, Shan नेताम, इतवारी जांगड़े, आबिद खान, चंद्रकांत साहू, गेंद राम साव, ठाकुर राम साहू, नरेंद्र यदु, चंद्रकांत खूंटे, नवीन बक्स, मदन ठाकुर, सिमगा पार्षद गोलू पाटकर, अशोक, सोनकर, प्रमीला साहू, सावित्री ध्रुव, हिरमत साहू, निर्मला कोशले, सतरूपा वर्मा, दानी भाट, पूर्णिमा श्रीवास, कुमारी जांगड़े व अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### भरुवाडीह कला में होली की धूम डीजे की धुन पर थिरके युवा



खरोरा। रंगों और उमंग का पर्व होली इस बार भी भरुवाडीह कला गांव में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। गांव के हर वर्ग के लोगों ने इस उत्सव में बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया और आपसी प्रेम, भाईचारे व सौहार्द का संदेश दिया।गांव की गलियों, चौपालों और मंदिर प्रांगणों में बच्चों, बुजुगोंर् और महिलाओं ने एक–दूसरे को रंग–गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं। महिलाएं पारंपरिक लोकगीतों पर झूमती नजर आईं, वहीं युवा वर्ग ने डीजे की धुन पर जमकर ठुमके लगाए। ढोल–नगाड़ों और फाग गीतों के बीच गांव का माहौल उल्लास से भर गया। इस अवसर पर गांव के शिक्षक धीरेंद्र कुमार वर्मा ने सभी को होली की शुभकामनाएं दीं और त्योहार के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि होली सिर्फ रंगों का पर्व नहीं, बल्कि आपसी प्रेम, एकता और सौहार्द का प्रतीक है। उन्होंने युवाओं को सद्भाव और सामाजिक समरसता बनाए रखने की अपील की।बच्चों ने रंग–बिरंगे गुब्बारों और पिचकारियों से मस्ती की, जबकि बुजुर्गों ने पुराने दिनों की यादें ताजा कीं। गांव के सरपंच और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी सभी को शुभकामनाएं दीं और आपसी भाईचारे को बनाए रखने की अपील की। होली के इस रंगारंग माहौल ने पूरे गांव को आनंद और उल्लास से भर दिया।

### होली का पर्व धूमधाम व हर्षोल्लासपूर्वक से मना



**खरोरा।** खरोरा सहित ग्राम केशला में रंगों का महापर्व होली बड़े ही धूमधाम व उत्साहपूर्वक मनाया गया। अंचल के ग्राम केशला ,परसदा कनकी ,नवगॉव , तुलसी ,मुरा ,बंगोली के गली मोहल्ले में होली का पर्व का नजारा ही बहुत खूबसूरत रहा। मोहल्ले के मुख्य चौक चौराहों में ग्रामीणों की टोली नगाड़े की धुन में फाग गीतों के साथ गाते, नाचते, झूमते हुए दिखाई दिये। एक दूसरे को भाईचारे के साथ सौहार्दपूर्वक रंग गुलाल लगाकर व एक दूसरे के गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दीं। बुजुर्गों का आशीर्वाद भी लिया। होली की पूर्व संध्या पर गुरुवार को गांव सहित अन्य प्रखंडों में लोग होलिका दहन के समय लकड़ियों से बनाई गई होलिका रानी को शुभ मुहूर्त में विधिविधान पूर्वक पूजा अर्चना कर दहन किया। वहीं सुबह से ही ढोल नगाड़े की थाप पर फाग गीत गाते हुए युवाओं की टोली नगाड़ों व झांझ मंजीरा के ताल पर फाल्गुन गीतों का लोगों ने आनंद उठाया।

### अंचल में शांतिपूर्वक मनाई गई होली



**पलारी।** अंचल में गुरुवार में देर रात होलिका दहन पश्चात अगली सुबह शुक्रवार को होली शांतिपूर्वक मनाई गई। ग्रामीण अंचल मे होलिका दहन के पश्चात अगली सुबह उसकी राख से होली खेली और पैर छूकर बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया। उसके पश्चात लोग दिनभर अबीर, रँग गुलाल से सराबोर रहे। नगाड़े की थाप और फाग गीतों ने सभी को झूमने को मजबूर किया।

### नगर साहू संघ ने खेली फूलों की होली



**पलारी।** रविवार को नगर साहू संघ ने साहू भवन में होली मिलन समारोह का आयोजन रखा सर्वप्रथम नव निर्वाचित अध्यक्ष गोपी साहू और उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा का स्वागत फुल माला और गुलदस्ता भेटकर किया गया पश्चात नगाड़ो की थाप के साथ फाग गीतो ने सभी को झुमने पर मजबूर कर वही एकदूसरे के ऊपर फुलो की वर्षा कर होली खेली गई। इस अवसर पर नगर साहू संघ सरंक्षक बृजमोहन साहू, नगर अध्यक्ष गोपी साहू,मुन्ना लाल साहू, गुरूचरण साहू,नागेश्वर साहू, मुंशी साहू, सोहन साहू, राजेंद्र साहू, श्यामू साहू, साधराम साहू, तोखन साहू, भरत साहू, बोधन साहू, किशन साहू आदि सहित महिलाएं उपस्थित थी।

## कलेक्टर ने सपरिवार वृद्धजनों संग मनाई होली



**बलौदाबाजार।** होली पर्व पर शुक्रवार को जिलाधीश दीपक सोनी सपरिवार नगर के श्री वाटिका वृद्धाश्रम पहुंचकर वृद्धजनों के साथ रंगों का पर्व होली मनाई गई। तथा बुजुर्गो को गुलाल लगाकर होली पर्व मनाते हुए उनका अभिवादन किया। कलेक्टर को अपने बीच पाकर वृद्धजनों की आँखों मे खुशी छलक उठी। कलेक्टर ने बुजुर्गो से उनका हाल पूछा और वृद्धाश्रम मे भोजन, विश्राम, साफ – सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली। वृद्धजनों ने बताया कि आश्रम मे व्यवस्था बेहतर है। समय पर गुणवत्तापूर्ण भोजन मिल जाता है। कलेक्टर श्री सोनी ने वृद्धाश्रम मे और बेहतर व्यवस्था के लिए अवश्यक कदम उठाने के अश्वासन दिये। गौरतलब है कि श्री वाटिका वृद्धाश्रम जीवन के चौथे अवस्था मे घर, परिवार से अलग थलग पड़े बुजुर्गो के लिए यह आश्रय स्थल प्रदान कर रहा है।

## सरारीडीह के प्राइमरी और मिडिल स्कूल में विदाई समारोह का आयोजन



**खरोरा।** शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला सरारीडीह में बुधवार को कक्षा 4थीं के बच्चों द्वारा 5वीं के विद्यार्थियों को एवं कक्षा 6वीं, 7वीं द्वारा 8वीं के विद्यार्थियों को विदाई दिया गया। विदाई के अवसर पर 8वीं के विद्यार्थियों के लिए चिट निकालने वाला कार्यक्रम रखा गया किसी छात्र के चिट में गायन किसी में नृत्य जिसके चिट में जो निकला बच्चे वैसे ही प्रस्तुति दिए।जिसमें विद्यालय के कक्षा पहिली से लेकर कक्षा आठवी के सभी विद्यार्थी तथा समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# पुलिस महानिरीक्षक ने किया पुलिस पेट्रोल पम्प का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- पुलिस एवं आम जनता को मिलेगी आसानी से गुणवत्तापूर्ण ईंधन – आईजी श्री मिश्र

रायपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक अमरेश कुमार मिश्र ने गुरुवार को जिला मुखयालय बलोदाबाजार मे इंडियन आयल कॉर्पोरेशन का पुलिस पेट्रोल पम्प का फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने पूजा अर्चना कर पंप का शुभारम्भ किया और अपनी वाहन मे स्वयं पंप से डीजल डाला। उन्होंने 6 माह के अल्प समय मे ही पेट्रोल पंप संचालन की पूरी तैयारी करने पर जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन की सराहना की। सिटी कोतवाली के बगल मे स्थित पेट्रोल पंप का संचालन पुलिस द्वारा की जाएगी।इस अवसर पर कलेक्टर दीपक सोनी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल उपस्थित थे।



**आसानी से मिलेगा ईंधन :** इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक श्री मिश्र ने कहा कि इस पेट्रोल पंप के शुरू हो जाने से पुलिस के साथ ही आम जनता को भी वाहन के लिए गुणवत्तापूर्ण ईंधन आसानी से मिलेगा। जिम्मेदारी के साथ पम्प का संचालन पुलिस करेगी और लोगों को बेहतर सेवा उपलब्ध होगी। उन्होंने पेट्रोल पम्प कार्यालय का अवलोकन किया और इंडियन आयल के अधिकारियों से पेट्रोल की गुणवाता आदि की जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि इस पेट्रोल पंप मे नार्मल ईंधन के साथ ही एक्स्ट्रा प्रीमियम क्वालिटी का ईंधन भी मिलेगा जिसका मूल्य नार्मल से करीब 7.50 रुपये प्रति लीटर अधिक होगा। यह ईंधन इकोफ्रेंडली होता है। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह, हेमसागर सिदार, एसडीएम अमित गुप्ता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## शिवरतन शर्मा से कार्यकर्ताओं ने की सौजन्य भेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

भारतीय जनता पार्टी मंडल पलारी के नव निर्वाचित जनपद सदस्य नवनिर्वाचित सरपंच गणों ने भारतीय जनता पार्टी प्रदेश के वरिष्ठ नेता वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के जनप्रिय नेता पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा से शिष्टाचार मुलाकात कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा धीरज मिश्रा, पूर्व मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा ग्राम पंचायत बिनौरी के सरपंच प्रतिनिधि



संन कुमार साहू नव निर्वाचित जनपद सदस्य जामवंती साहू युवा मोर्चा मंडल पलारी के उपाध्यक्ष हेमंत साहू भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ जिला कार्यकारिणी सदस्य हेम कुमार साहू भाजपा किसान मोर्चा मंडल के पूर्व मंत्री बिसाहू राम साहू युवा मोर्चा मंडल पलारी के पूर्व कोषाध्यक्ष नीलकमल साहू राम कुमार साहू पंच राम लाल साहू इस बीच भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा के वरिष्ठ नेता शिवरतन शर्मा को होली पर्व की बधाई दी।

# नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में 780 ग्रामीणों ने कराई जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

तिल्दा विकासखंड के ग्राम मुरा में आज, प्रख्यात स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित लखन लाल मिश्र की पुण्यतिथि पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। उनकी स्मृति में 25वां शिविर आयोजित किया गया। शिविर में लगभग 40 गांवों से हजारों ग्रामीणों ने भाग लिया। शिविर में कुल 780 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई। शिविर में ग्रामीणों का ब्लड शुगर, नेत्र परीक्षण, बीपी, सिकलसेल सहित विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं का परीक्षण किया गया। खासतौर पर महिलाओं से संबंधित बीमारियों की भी जांच की गई। स्वास्थ्य परीक्षण के उपरांत मरीजों को निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। साथ ही चिकित्सकों द्वारा ग्रामीणों को विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए आवश्यक सावधानियों की जानकारी दी गई।



**गंभीर मरीजों के उपचार की व्यवस्था की गई:** शिविर में गंभीर रूप से बीमार मरीजों को चिन्हित कर उनके बेहतर इलाज के लिए बलौदाबजार स्थित चंदा देवी तिवारी मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल में निःशुल्क उपचार की व्यवस्था भी की गई। स्वास्थ्य शिविर के सफल आयोजन के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों और स्वयंसेवी संगठनों का विशेष सहयोग रहा।

## पेज 9 के शेष

### संबल योजना के

वाले अस्थि बाधित एवं –ष्टिहीन दिव्यांग जनों को छत्तीसगढ़ शासन परिवहन विभाग द्वारा मोटरयान अधिनियम 1988 के अधीन दिव्यांग व्यक्ति और उनके परिचारक को यात्री किराया में 100 प्रतिशत छूट का प्रमाण पत्र जारी किया गया है।

### चाकू बरामद, एक...

19 साल निवासी सर्कस मैदान स्टेशन वार्ड भाटापारा को हिरासत में लिया गया है। पकड़े गए आरोपियों द्वारा अपना फोटो सोशल मीडिया इंस्टाग्राम में भी अपलोड किया गया था।

### नाराज पंचायत सचिव...

दिवस के अवसर पर राजधानी रायपुर के इंडोर स्टेडियम में विशाल आभार एवं आशीर्वाद समारोह का आयोजन किया गया था जिसमें प्रदेश सरकार के मुखिया विष्णु देव साय पंचायत मंत्री विजय शर्मा पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े एवं मोदी की गारंटी संकल्प पत्र के अध्यक्ष विजय बघेल उपस्थित थे जिसमें सभी अतिथियों द्वारा प्रदेश पंचायत सचिवों की एक सूत्रीय मांग शासकीय कारण को जायज ठहराते हुए मंच में घोषणा किया गया था कि पंचायत सचिव की एक सूत्रीय मांग शासकीय करण जायज है शासकीय करण के लिए एक कमेटी गठित की जाएगी जो एक महीने में अपनी रिपोर्ट देने के पश्चात आदेश कर दिया जाएगा पंचायत सचिव संघ जनपद तिल्दा नेवरा ब्लॉक इकाई अध्यक्ष भरत वर्मा एवं ब्लॉक संगठन सचिव कोमल प्रसाद साहू द्वारा जानकारी दिया गया कि घोषणा के पश्चात 7 महीना बीत जाने के बाद भी आज तक ना तो गठित कमेटी की जानकारी दी गई और नहीं किसी भी प्रकार का आदेश प्रसारित किया गया और ना ही बजट सत्र के दौरान पंचायत सचिवों को किसी प्रकार की सौगात दी गई।

### राजस्व मंत्री ने...

प्रवक्ता पुनाराम मंडावी, बोइरडीह चक के अध्यक्ष हेमलाल नेताम ,गोंडखपरी चक के संगठन मंत्री रामानुज मंडावी, पूर्व पार्षद राकेश धुरव , मिडिया प्रभारी संजय मरकाम शामिल थे।

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉंच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### योगेश परसापाली के उपसरपंच निर्वाचित

**मुंडा।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव आम निर्वाचन 2025 के तहत ग्राम पंचायत परसापाली में उपसरपंच पद के लिए हुए चुनाव में योगेश को सर्वसम्मति से निर्विरोध उपसरपंच बनाया गया जिससे गांव में खुशी की माहौल बन गया कार्यकर्ताओं ने गुलाल लगाकर जीत का जश्न मनाया और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी वही मुंडा के आसपास क्षेत्र मैं हुए चुनाव में मुंडा से मुकेशवरी मनीराम वर्मा कोलिहा से पुष्पा रामसनेही वर्मा बरदा से अनीता बाधे पैजनी से यशवंत वर्मा ग्राम पंचायत जुड़ा में निर्विरोध विष्णु भारती उपसरपंच बनाया गया और नवनिर्वाचित सभी उपसरपंच को गुलाल लगाकर जीत की बधाई दी है।

### मारपीट के मामले में दो लोगो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**महासमुंद।** मारपीट के मामले में बागबाहरा थाने में दो आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी सुनील कुमार ठाकुर निवासी वार्ड नं 6 लालपुर बागबाहरा ने बताया कि 15 मार्च को वह अपने बड़े पिता के खेत में लगे बोर में नहाने के लिए जा रहा था और आम बगीचा के पास वह अपने दोस्तों के साथ रंग गुलाल खेल रहा था, तभी कृष्णा ध्रुव और गोलू ठाकुर वहां पर आए और आपस में गाली गलौज करने लगे। जिसे उसने मना किया गया। उसके बाद जब नहाने के लिए जा रहा था, तभी कृष्णा ध्रुव ने पीछे से लात से मारा जिससे वह गिर गया, जब वह फिर उठकर जाने लगे तब कृष्णा ध्रुव ने डंडे से फेककर मारा। जब उसका भतीजा निखिल ठाकुर मारपीट को देखकर छुड़ाने आया तो उसके साथ भी आरोपी कृष्णा ध्रुव एवं गोलू ठाकुर गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। इसके बाद डर से भागते हुए हम दोनों डेमन साहू के फार्म हाऊस में जाकर कमरे में घुस गये और दरवाजा बंद कर दिये। आरोपी पीछा करते हुए फार्म हाऊस आ गए। डेमन साहू की पत्नी रेणुका साहू ने आरोपियों को बाहर जाने लगा तब उनके द्वारा रेणुका साहू को झटका देकर गाली गलौज करते हुए हम लोगों को कमरे से निकालने के लिए दबाव डालने लगे। इसी बीच चंद्रहास साहू ने आरोपियों को समझाने के प्रयास किया लेकिन उसके साथ भी मारपीट किया गया। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### सड़क हादसे में मृत हेमंत सहित अन्य दो युवकों को छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ ने दी श्रद्धांजलि

महासमुंद। गत 9 मार्च को राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 53 में भीषण सड़क दुर्घटना में मृत पीढ़ी निवासी हेमंत चंद्राकर (30) सहित मुरारी चंद्राकर (49), हर्ष चंद्राकर (27) की दर्दनाक मृत्यु हो जाने पर छग शिक्षक संघ जिला इकाई ने विनम्र श्रद्घांजलि अर्पित करते हुए परिवार को दुख सहने करने की प्रार्थना ईश्वर से की है।
ज्ञातव्य हो कि हेमंत चंद्राकर छग शिक्षक संघ के जिला सचिव तिलक चंद्राकर के दामाद थे। उनकी शादी गत 24 जनवरी 2025 को हुई थी।

## निधन

### अमर मन्नाडे



**बंगोली।** ग्राम बरौण्डा निवासी अमर मन्नाडे 38 वर्ष का गत दिनो आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम मे किया गया। उनकी अंतिम यात्र में स्वजातीय सहित ग्राम के अन्य लोग शामिल हुए। वे इंदलसिंग मन्नाडे, सुमन मन्नाडे के ज्येष्ठ सुपुत्र तथा अशोक कुमार,डागेश्वर,मनोज,डिगेश मन्नाडे के अग्रज एवं रमेश कुमार गिलहर,सुरेश गिलहरे,ईश्वरी गिलहरे के भांजा थे।







## होली मिलन : रंग-गुलाल से सराबोर रहा होली पर्व, पुलिस की रही मुस्तैदी

# गांव-गांव में मनाई गई आदर्श होली, नगाड़े की थाप पर नाचे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

नगर कसडोल सहित विकासखंड के ग्राम हटौद, बिलारी सहित असनिंद में भव्य आदर्श होली मनाई गई। इसी से प्रेणना लेकर इस वर्ष विकासखंड के कई ग्रामों में भी आदर्श होली मनाया गया। गौरतलब है कि नगर कसडोल के 4 बड़े स्थान बजरंग चौक, बाजार चौक, रामसागर पारा और हड़हापारा में भव्य रूप से लोकाचार में बने मिथक को तोड़ते हुए होलिका दहन में महिलाओं को शामिल करके सभी माता बहन भाई मिलकर पूर्ण भक्ति के साथ देर रात्रि होलिका का दहन कर सुबह होली मिलन किया गया। आदर्श होली पर्व संचालन समिति को नगर के सभी स्थानों से सहयोग मिला साथ ही समिति के इस पहल को अनुकरणीय बनाया। नगर में इस कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने में लगे चौथे स्थानों के समस्त भाइयों एवं माताओं का सहयोग रहा।

**ये रहे मौजूद:** आदर्श होली के दौरान नपा उपाध्यक्ष सुदीप नवदीप मानिकपुरी, पार्षद भानु प्रताप साहू, भगवती साहू, रामा धीवर, अनिल धीवर, रमेश साहू, प्रतीक विश्वास, राजा साहू, तीजू बैगा, मनोज साहू, रमेश साहू, अनुराधा कर्ष, जितेंद्र कर्ष, अनिता कैवर्त्य, कमल कैवर्त्य, कविता, सुखराम धीवर, चतुर सिंह, प्रदीप दास, बेदी दास, दिलीप निर्मलकर, दिलीप यादव, जस्सू निर्मलकर, चंदू धीवर सहित समस्त ग्रामवासी मौजूद रहें।





### हटौद में झूमते रहे लोग

पहली बार ग्राम में बिना नशा के आदर्श होली मनाकर ग्रामवासी डीजे की धुन पर झूमते रहें। मिली जानकारी के अनुसार रात्रि में ग्रामवासी मिलकर पूजा पाठ और एकत्रित होकर होलिका दहन किया। इसके बाद सुबह सभी ग्रामवासी मिलकर एक साथ माता होलिका की पूजा कर आदर्श होली की एकरूपता पर बिना नशा किए एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की धुन में झूमते रहें। इस दौरान सरपंच गायत्री जाटवर ने सभी ग्रामवासियों के सहयोग पर आभार जताया है।



### हटौद, असनिंद और बिलारी में आदर्श होली की चर्चा

देशभर में होली का त्योंहार बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। चारों तरफ सुबह से लोग रंग में रंगे नजर आ रहें है, कसडोल विकासखंड के ग्राम हटौद, असनिंद और बिलारी में कई वर्षों से आदर्श होली मनाया जा रहा है, आदर्श होली की खासियत यह है कि इस दौरान गांव के तमाम ग्रामीण, संगठन सहित आमजन एक साथ एकत्रित होकर बिना नशा पान किए रात्रि में होलिका दहन करते है, फिर सुबह उपस्थित होकर एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर आदर्श होली मनाते है, यह परंपरा असनिंद में 16 वर्षों से तो बिलारी में 10 वर्ष तो इस बार हटौद पंचायत में नवनिर्वाचित सरपंच गायत्री जाटवर के बनने पर पहली बार आदर्श होली मनाया गया। इन्ही गांव से अब प्रेणना लेकर विकासखंड कसडोल के कई गांवों अब आदर्श होली मनाया जा रहा है।

### बिलारी में सम्मान समारोह, रामायण प्रतियोगिता फिर आदर्श होली

समीपस्थ ग्राम बिलारी (क) में नवनिर्वाचित सरपंच पूजा निर्मल कामलवंशी और यूथ क्लब के तत्वावधान में आदर्श होली मनाया गया। आपको बता दे कि यहाँ होलिका दहन की रात ग्राम में सम्मान समारोह और रामायण प्रतियोगिता रखा गया। जिसमें कई अतिथियों का सम्मान किया गया। इस दौरान सरपंच पूजा निर्मल कमलवंशी ने कहा कि यूथ क्लब व ग्रामवासियों के सहयोग से आदर्श होली बीते 10 वर्षो से मनाया जा रहा है। साथ ही होलिका दहन के बाद सभी ग्रामवासी बिना नशा पान किये आदर्श होली एक साथ मनाया गया। जिसमें सभी महिलाओ को एकरूपता में बांधकर होली की वास्तविक पर्व का आनंद रंग गुलाल एक दूसरे पर लगाकर आदर्श होली मनाया गया।



### प्रह्लाद का पूजन कार्यक्रम का आयोजन

संचालन समिति के जितेंद्र पटेल, हटौद सरपंच गायत्री जाटवर, बिलारी सरपंच पूजा निर्मल कामलवंशी, पार्षद भानु प्रताप साहू, अनिल धीवर, रामा धीवर, पुनेश्वर नाथ मिश्रा और दिलीप निर्मलकर ने बताया कि बजरंग चौक, बाजार चौक, रामसागर पारा सहित हड़हापारा में रात्रि 10 बजे से आसपास मोहल्लों की महिलाओं का आना शुरू हुआ जिसमें बजरंग चौक में संकीर्तन तथा भगवान नरसिंह भक्त प्रह्लाद का पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी प्रकार रामसागर पारा में तालाब के पास होलिका का दहन मोहल्ले के सभी माता बहन भाई ने मिलकर किया। गौरतलब है कि आदर्श होली पर्व संचालन समिति द्वारा 11 मार्च को भगवान नरसिंह जी की यात्रा महामाया मंदिर से गायत्री चौक तक निकालकर नगरवासियों से आदर्श रूप से सब मिलकर वैदिक मंत्रों के साथ होलिका दहन एवं होली मनाने का आह्वान किया था उसी के फलस्वरूप महिलाओं ने होलिका दहन में बढ़ चढ़कर शिरकत की जिसकी नगर में खूब चर्चा है, महिलाओं ने इस कार्यक्रम में लगातार दूसरी बार शिरकत की और भक्त प्रह्लाद भगवान नरसिंह होलिका माता की पूजा परिक्रमा कर परिवार समाज नगर के लिए प्रार्थना की। संचालन समिति समस्त नगरवासियों को सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# सुहेला में परंपरागत ढंग से मनाई होली घर-घर जाकर पकवानों का लिया आनंद





सुहेला। शहर में होली पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विधिपूर्वक होलिका दहन किया गया, जिसमें ग्रामवासियों ने रात 11:35 बजे बड़े तालाब के किनारे लकड़ी और कंडों से होली रचाई। ग्रामीणों ने इस पूजा में 5 गोबर के कंडे, घी, चावल, कपूर का इस्तेमाल किया और 5 परिक्रमा करके श्रद्धा पूर्वक अर्पित किया। प्रातः काल में गांववासियों ने गुलाल से होली खेलना शुरू किया और यह परंपरा पूरे दिन जारी रही। ग्रामीणों ने बताया कि किसी भी शुभ कार्य की शुरुआत पूजा से होती है, इसलिए ग्राम के प्रमुख देवी-देवताओं की पूजा भी विधिपूर्वक की गई। विशेष रूप से, सतबहिनिया माता के मंदिर में श्रीफल, गुलाल, घी और गुड़ को अग्नि में अर्पित कर पूजा की गई। साथ ही, ग्राम के श्री बावा महाराज धाम में धूप, अगरबत्ती और दीप जलाकर पूजा की गई, और वहां विशेष पकवान 'रोठ' अर्पित किया गया।

### फाग गीत पर थिरके ग्रामीण

इस दिन को 'नेयुज खाना' के रूप में मनाया गया, जहां ग्रामवासी एक-दूसरे के घर जाकर भोजन करते हुए आनंदित दिखाई दिए।शाम को, ग्रामवासियों ने महामाया चौक में एकत्रित होकर नगाड़े की धुन पर फाग गीत गाए और नृत्य किया। इस दौरान महिलाएं और बच्चे तेलीपारा चौक में फाग गीतों पर थिरकते नजर आए। ग्राम में इस होली पर्व को बहुत धूमधाम और शांति से मनाया गया, जो पुरानी परंपराओं और मिलजुल कर खुशियों को मनाने का प्रतीक बन गया।

## अंचल में बड़े धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई होली



**हिरमी रावन।** अंचल में होली पर्व बड़े धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ग्रामीण क्षेत्रें में लोगों ने एक–दूसरे को रंग–गुलाल लगाकर शुभकामनाएँ दीं। सुबह से ही बच्चों और युवाओं की टोली ढोल–नगाड़ों के साथ सड़कों पर निकल पड़ी।महिलाओं ने भी पारंपरिक गीत गाकर और नृत्य कर उत्सव को और भी खास बना दिया। मंदिरों और चौपालों पर विशेष आयोजन किए गए, जहाँ फाग और होली के पारंपरिक गीतों की गूंज सुनाई दी। मिठाइयों और गुजिया की खुशबू से पूरा माहौल महक उठा।प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, जिससे त्योहार शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। हर ओर रंगों की फुहार और खुशियों की बहार देखने को मिली, जिससे पूरा अंचल होली के रंग में सराबोर हो गया।

## शांतिपूर्ण माहौल में मनाया गया रंगों का त्योहार

**हिरमी रावन।** हिरमी क्षेत्र के ग्रामीण अंचल मोहरा, कुथरौद, हिरमी,भटभेरा, रावन, परसवानी, कुथरौद, सकलोर, तिल्दाबांधा,में हर्षोल्लास के वातावरण में धूमधाम के साथ होली का त्योहार मनाया गया। ग्राम पंचायत कुथरौद सरपंच तारनदास अनंत ने कहा कि होली का त्योहार आपस में प्रेम और सौहार्द का संदेश देता है। इसलिए सभी लोगों को प्रेमपूर्वक आपसी समरसता के साथ त्योहार मनाना चाहिए स इस अवसर पर ग्रामीणों ने गांवों के मंदिरों में विधिवत पूजा अर्चना कर रंग अबीर चढ़ाया गया तथा होली खेली गई। सुबह से देर रात तक गांवों में होली गीत का कार्यक्रम चला। समाचार लिखे जाने तक कहीं से कोई अप्रिय घटना दुर्घटना की सूचना नहीं मिली है। होली पर्व शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने को लेकर पुलिस ने गांव गांव में भ्र्मन किया। असमाजिक तत्व व हुड़दंगियों पर है प्रशासन की पैनी नजर रही । थाना प्रभारी ने शांति व सौहार्दपूर्ण तरीके से होली मनाने की लोगों से अपील की थी । पुलिस प्रशासन होली के त्योहार को शान्ति पूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से सुबह से देर शाम तक गांवों में गश्त लगाते रहे।होली को लेकर ग्रामीण इलाकों में खासा उत्साह देखा गया। होली गायन अधिकांश गांवों में हुआ। चारों तरफ खुशनुमा माहौल कायम था। होली के लेकर दुकानों पर भी भीड़ जुटी रही। इस त्योहार को लेकर बच्चों व नवयुवकों में तो उत्साह था ही बूढ़े लोग भी खासे उत्साहित थे स उनपर भी फगुनहट इस कदर सवार था कि वे भी रंग में गोता लगाते हुए दिखे। वही गली–मोहल्लों में बच्चों ने पानी में रंग घोल कर आने–जाने वाले लोगों पर रंग डालते रहे। दोपहर तीन बजे तक रंगों से होली खेली गई। सड़क और घर के आंगन रंगों से लाल–पीले हो गए।सभी चौक चौवराहो पर रंग खेलने वाले युवा टोलियों का जमावड़ा लगा रहा।इसके बाद संध्या पांच बजे से गुलाल की होली शुरू हुई। लोगों ने एक दूसरे के घर जाकर गुलाल लगाए। बच्चे और युवाओं ने बड़ों के चरण पर गुलाल डाल कर आर्शीवाद लिए। वहीं बड़े–बुजुगोंर् ने छोटों को उपहार स्वरूप गिफ्ट भी दिए। गुलाल की होली रात्रि दस बजे तक चलती रहीस हिरमी कर्मा पार्टी के सदस्यों के साथ ग्राम कुथरौद में होली मनाते होली की बधाई व शुभ कामना देते हुए जिला पंचायत सदस्य डॉ मोहन लाल वर्मा एवं सरपंच तारनदास अनंत, जनपद सदस्य उमा अनंत, तथा उपसरपंच रेखा कृष्णा ने वर्मा परिवार के साथ सभी को शुभकामनायें दी।



# पटवारी प्रशिक्षण के लिए आश्रितों को मिली अनुकम्पा नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

राज्य शासन द्वारा अनुकम्पा नियुक्ति के प्रकरणों में भर्ती हेतु जारी नए निर्देशो के परिपालन में कलेक्टर दीपक सोनी ने पात्र 2 आश्रितों को पटवारी पद पर नियुक्ति हेतु पटवारी प्रशिक्षण के लिए चयन आदेश जारी किया है। जिला स्तरीय गठित चयन समिति की अनुशंसा के आधार पर स्व. संतोष कुमार पैकरा, वाहन चालक छ.ग. स्टेट गैरेज रायपुर का शासकीय सेवा में रहते हुए 6 मई 2022 को आकस्मिक निधन होने पर जिला सरगुजा लखनपुर तहसील अंतर्गत ग्राम जमगला निवासी आश्रित पुत्र अभिषेक कुमार पैकरा एवं स्व. हेमलता साहू सहायक शिक्षक(एल.बी.) डॉ. कन्हैया लाल शर्मा शासकीय आदर्श प्राथमिक शाला कसडोल का शासकीय सेवा में रहते हुए 28 अक्टूबर 2023 को आकस्मिक निधन होने पर तहसील कसडोल अंतर्गत बलार रोड कसडोल निवासी आश्रित पुत्री शिवानी साहू को पटवारी पद पर अनुकम्पा नियुक्ति के लिए, पटवारी प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु शतोंर् के अधीन चयन किया गया है।उक्त चयनित 2 अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण में सम्मिलित होने के लिए आयुक्त भू–अभिलेख छ.ग. नवा रायपुर से अनुमति प्राप्त होने के उपरांत 1 वर्ष का निर्धारित पटवारी प्रशिक्षण एवं पटवारी विभागीय परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य है। प्रशिक्षण स्वयं के व्यय में किया जायेगा किसी भी प्रकार का भत्ता देय नहीं होगा। पटवारी प्रशिक्षण प्राप्त कर पटवारी विभागीय परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर पटवारी पद पर अनुकम्पा नियुक्ति हेतु सीधी भर्तीध्अनुकम्पा नियुक्ति की निर्धारित शतोंर् के तहत पृथक से आदेश जारी किया जायेगा। चयनित अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण में उपस्थित होने के समय जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी फिटनेस प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

- अनुमति प्राप्त होने के उपरांत 1 वर्ष का निर्धारित प्रशिक्षण एवं विभागीय परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य

online Booking:-www.tripuryatra.com

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
27 अप्रैल, 03 मई, 11 मई, 22 मई, 25 मई, 02 जून, 05 जून, 15 जून 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।

अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport